an>

Title: Need to accord approval to the proposal of setting up of branches of various public sector banks in Palamu parliamentary constituency, Jharkhand.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) ः मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र पलामू (उत्तराखण्ड) में बैंकिंग सुविधा की स्थिति की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र के गढ़वा जिला में विभिन्न बैंकों की सात नई शाखाएं खोले जाने का प्रस्ताव भेजा गया है, जो निम्न प्रकार हैः-

1. भवनाथपुर प्रखंड के अरसली ग्राम में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा

2. भवनाथपुर प्रखंड के मांझीगावा ग्राम में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा

3. डंडई प्रखंड के रारो ग्राम में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा

4. डंडई प्रखंड के बरदरी (जरही) ग्राम में इलाहाबाद बैंक की शाखा

5. डंडई प्रखंड के करके ग्राम में यूनाइटेड बैंक की शाखा

6. डंडई प्रखंड के खाला ग्राम में बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा

इसके साथ-साथ **पलामू जिला के पाटन प्रखंड** अंतर्गत **ग्राम-किशुनपुर, चैनपुर प्रखंड के अंतर्गत रामगढ़ एव चांदो ग्राम पंचायत तथा नवडीहा बाजार** में भी बैंकों की शाखा खोला जाना प्रस्तावित है। बैंकों द्वारा पांच हज़ार की आबादी वाली ग्राम पंचायतों में बैंकों की शाखा खोले जाने का प्रावधान है और **पलामू** संसदीय क्षेत्र के उपरोक्त प्रस्तावित स्थान बैंकों की शाखाएं खोले जाने के लिए सभी अर्हताएं पूरी करते हैं।

मेरा माननीय वित्त मंत्री, भारत सरकार से अनुरोध है कि पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को अच्छी बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिए इन प्रस्तावित बैंकों की शाखाओं को जल्द से जल्द मंजूरी प्रदान करें। इसके लिए मैं सदैव आपका आभारी रहूंगा।